

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 12 October 2022

पुलिस | PATWAR
HIGH COURT | रेलवे (JE, Group-D, TC, RPF)
BANK | SSC (CGL, 10+2, CPO-SI, MTS)
शिक्षक (I[st] ग्रेड) | REET (I, II Level)



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 12 अक्टूबर का इतिहास

- **2000 :** अंतरिक्ष यान डिस्कवरी फ्लोरिडा से अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया।
- **1967 :** भारतीय स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राममनोहर लोहिया का निधन हुआ।
- **1860 :** ब्रिटेन और फ्रांस की सेना ने चीन की राजधानी बीजिंग पर कब्जा जमाया।
- **1964 :** विश्व में पहली बार सोवियत संघ ने बिना स्पेस सूट पहनाए अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा था।

## 12 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- सभी क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को 1 अप्रैल 2023 तक अपने आंतरिक शिकायत निवारण तंत्र के शीर्ष पर एक आईओ की नियुक्ति की प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश दिया गया है। आरबीआई के निर्देशों के अनुसार प्रत्येक सीआईसी को आईओ को तीन साल से कम नही और पांच साल से अधिक नही की निश्चित अवधि के लिए नियुक्त करना होगा। आईओ या तो एक सेवानिवृत या एक सेवारत अधिकारी होगा। आईओ प्रस्तावित अवधि के पूरा होने से पहले 70 साल की आयु प्राप्त नही किया होना चाहिए।
- अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतवंशी डॉ. विवेक मूर्ति को विश्व स्वास्थ्य संगठन के कार्यकारी बोर्ड में अमेरिका का प्रतिनिधि नियुक्त किया है। 45 वर्षीय डॉ. मूर्ति अभी अमेरिका के सर्जन जनरल के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मूर्ति अपनी वर्तमान भूमिका में रहते हुए नया प्रभार संभालेंगे।
- स्पेसएक्स ने क्रू-5 मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना किया है। ऐसा पहली बार है जब एलोन मस्क के नेतृत्व वाली कंपनी ने अपने लॉन्चिंग व्हीकल से रूसी अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस भेजा है। यह लॉन्चिंग नासा और रूसी स्पेस एजेंसी रोकोस्मोस के बीच एक्सचेंज डील के तहत की गई है।
- अरूणाचल प्रदेश के राज्यपाल बी.डी.मिश्रा ने राजभवन में आयोजित एक समारोह में मेघालय के राज्यपाल पद की शपथ ली। अरूणाचल प्रदेश के राज्यपाल मिश्रा को मेघालय के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वे साल 2017 से अरूणाचल प्रदेश के राज्यपाल हैं। भारतीय सेना के पूर्व ब्रिगेडियर मिश्रा ने सत्यपाल मलिक की जगह ली है।
- पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन और उसके सहयोगियों ने तेल उत्पादन में 2 मिलियन बैरल प्रतिदिन की कटौती करने का निर्णय लिया है।
- समुद्री जीवन के लिये जलवायु जोखिम सूचकांक शीर्षक से एक नया अध्ययन प्रकाशित किया गया था, जो लगभग 25000 समुद्री प्रजातियों और उनके पारिस्थितिक तंत्र के लिये जलवायु जोखिम को रेखांकित करता है। यह नया सूचकांक समुद्री जीवन के प्रबंधन और संरक्षण के लिये जलवायु-स्मार्ट दृष्टिकोण का समर्थन करने का आधार तैयार करता है।
- आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने दक्ष लॉन्च किया। दक्ष एक नई सुपरटेक पहले है। यह बैंक की उन्नत निगरानी प्रणाली होगी। इससे पर्यवेक्षी प्रक्रियाओं के और अधिक मजबूत बनने की उम्मीद है। यह एक वेब-आधारित एंड-टू-एंड वर्कफ्लो एप्लिकेशन है। दक्ष के माध्यम से आरबीआई पर्यवेक्षित संस्थाओं जैसे बैंको, एनबीएफसी, आदि में अनुपालन संस्कृति को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से अनुपालन की निगरानी करेगा।
- वरिष्ठ राजनयिक सिबी जॉर्ज को जापान में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया। बैच 1993 के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी जॉर्ज वर्तमान में कुवैत में भारत के राजदूत हैं। वह जापान में भारत के राजदूत के रूप में संजय कुमार वर्मा की जगह लेंगे।
- भारतीय नौसेना ने समुद्री क्षेत्रों में अधिक पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए न्यूजीलैंड की रॉयल नेवी के साथ व्हाइट शिपिंग इंफॉर्मेशन एक्सचेंज पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए है।
- तेज गेंदबाज कुलदीप सेन के पांच विकेट और अभिमन्यु ईश्वरन के नाबाद अर्धशतक की मदद से शेष भारत ने 2019-20 के रणजी चैंपियन सौराष्ट्र को आठ विकेट से हराकर ईरानी कप की विजेता ट्राफी जीत ली। शेष भारत ने 105 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 24 रन के अंदर दो विकेट गंवा दिए थे, लेकिन ईश्वरन और विकेटकीपर बल्लेबाज श्रीकर भरत ने इसके बाद टीम को कोई झटका नही लगने दिया और 32वें ओवर में उसे लक्ष्य तक पहुंचाया।
- भारतीय गुणवत्ता परिषद ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे किये हैं। भारतीय गुणवत्ता परिषद ने भारत के गुणवत्ता केंद्रों की ऐतिहासिक उपलब्धियों के बारे में जागरूक करने और सभी नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने की पहल के बारे में लोगों को सूचित करने के लिये एक अभियान गुणवत्ता से आत्मनिर्भरता शुरू किया है।
- शोधकर्ताओं ने मंगल के दक्षिणी पोलर आइस कैप के नीचे तरल पानी के अस्तित्व के नए सबूत खोजे है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की 5वीं सभा का आयोजन कब से कब तक किया जाएगा?**

(A) 13 से 15 अक्टूबर तक (B) 15 से 18 अक्टूबर तक
(C) 17 से 18 अक्टूबर तक (D) 20 से 23 अक्टूबर तक


**(C)** 17 से 18 अक्टूबर तक अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की 5वीं सभा का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय ऊर्जा और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह की अध्यक्षता में यह आयोजन नई दिल्ली में किया जाएगा। इस असेंबली में ऊर्जा पहुंच, ऊर्जा सुरक्षा और ऊर्जा ट्रांजीशन के तीन प्रमुख महत्वपूर्ण मुद्दों पर आईएसए की प्रमुख पहलों पर विचार करेगी। इस सभा में 109 सदस्य देशों के मंत्री, मिशन और प्रतिनिधि भाग लेंगे।




**2. विश्व आर्थराइटिस/गठिया दिवस (World Arthritis Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 12 अक्टूबर (B) 13 अक्टूबर
(C) 14 अक्टूबर (D) 15 अक्टूबर

**(A)** लोगों को अर्थराइटिस के बारे में जागरूक करने, बचाव के उपाय और उपचार के विकल्पों के बारे में जानकारी देने के लिए हर साल 12 अक्टूबर को विश्व गठिया/अर्थराइटिस दिवस मनाया जाता है। अर्थराइटिस जोड़ो से संबंधित एक स्वास्थ्य समस्या है। इसमें जोड़ों में सूजन आ जाती है, तेज दर्द व जलन के साथ उन्हें हिलाने-डुलाने में भी तकलीफ होती है।




**3. हाल ही में किस बैंक ने भारत के छह राज्यों में ग्राम सेवा कार्यक्रम शुरू किया ?**

(A) पंजाब नेशनल बैंक (B) भारतीय रिजर्व बैंक
(C) भारतीय स्टेट बैंक (D) ICICI बैंक

**(C)** भारतीय स्टेट बैंक ने भारत के छह राज्यों में एसबीआई फाउंडेशन के ग्राम सेवा कार्यक्रम की शुरुआत की। भारतीय स्टेट बैंक ने घोषणा की कि वह एसबीआई ग्राम सेवा कार्यक्रम के चौथे चरण के तहत पूरे भारत में 30 दूरदराज के गांवों को गोद लेगा। बैंक हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के आकांक्षी जिलों के दूरदराज के गांवों को गोद लेगा।



**4. हाल ही में WHO के कार्यकारी बोर्ड में अमेरिका का प्रतिनिधित्व कौन करेंगे ?**

(A) एम आर बैरेला (B) डॉ.विवेक मूर्ति
(C) एन बैरिनटोस (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में WHO के कार्यकारी बोर्ड में अमेरिका का प्रतिनिधित्व डॉ.विवेक मूर्ति करेंगे। उन्होंने पहले राष्ट्रपति बराक ओबामा के अधीन 19वें सर्जन जनरल के रूप में कार्य किया है। राष्ट्र के डॉ. के रूप में सर्जन जनरल का मिशन एक स्वस्थ देश की नींव रखने में मदद करना है, जो जनता के लिए स्पष्ट, सुसंगत और न्यायसंगत मार्गदर्शन और संसाधन प्रदान करने के लिए उपलब्ध सर्वोत्तम वैज्ञानिक जानकारी पर निर्भर है।



**5. शांति नोबेल पुरस्कार 2022 से किसे सम्मानित किया गया ?**

(A) एलेस बियालियात्स्की (B) सेंटर फॉर सिविल लिबर्टीज
(C) मेमोरियल (D) उपरोक्त सभी

**(D)** 2022 का शांति का नोबेल पुरस्कार तीन विजेताओं को संयुक्त रूप से देने की घोषणा की गई है। एलेस बियालियात्स्की (बेलारूस के मानवाधिकार अधिवक्ता), मेमोरियल (रूसी मानवाधिकार संगठन) और सेंटर फॉर सिविल लिबर्टीज (यूक्रेनी मानवाधिकार संगठन) को दिया जाएगा। इनका चयन युद्ध अपराधों, मानवाधिकारों के हनन और सत्ता के दुरूपयोग का दस्तावेजीकरण करने के लिये किया गया है।



**6. सतत विकास रिपोर्ट किसके द्वारा द्वारा तैयार की जाती है ?**

(A) विश्व आर्थिक मंच

(B) सतत विकास समाधान नेटवर्क

(C) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

(D) संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग

**(D)** सतत विकास लक्ष्य रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र की एकमात्र आधिकारित रिपोर्ट है जो सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा पर वैश्विक प्रगति की निगरानी करती है। नवीनतम उपलब्ध आंकड़ों का उपयोग करते हुए सतत विकास लक्ष्य रिपोर्ट 2022 लोगों को प्रभावित करने वाले वैश्विक संकटों के प्रभावों की जांच करती है।




**7. हाल ही में किस कंपनी को भारत का पहला माइक्रो कैटेगरी ड्रोन सर्टिफिकेशन मिला?**

(A) शिवायु एयरोस्पेस

(B) एस्टेरिया एयरोस्पेस लिमिटेड

(C) आदया एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड

(D) थ्रॉटल एयरोस्पेस सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड

**(B)** हाल ही में एस्टेरिया एयरोस्पेस लिमिटेड को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए A200 ड्रोन के लिए मान्यता मिली है। इस ड्रोन को जीआईएस, कृषि, निर्माण, खनन और अन्य उद्योगों में अनुप्रयोगों के सर्वेक्षण और मानचित्रण के लिए विकसित किया गया है।



**8. निम्नलिखित में से कौन पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन का संस्थापक सदस्य नहीं है ?**

(A) सऊदी अरब (B) संयुक्त अरब अमीरात

(C) ईरान (D) वेनेजुएला

**(A)** हाल ही में दुनिया के सबसे बड़े तेल उत्पादक देशों के समूह ओपेक ने तेल उत्पादन में 2 मिलियन बैरल प्रति दिन की कटौती करने का निर्णय लिया है। ओपेक एक स्थायी और अंतर-सरकारी संगठन है। इसका उद्देश्य विश्व बाजार में तेल की कीमतों का निर्धारण और तेल की आपूर्ति का प्रबंधन करना है।




**9. अंतरिक्ष की यात्रा करने वाली पहली अमेरिकी मूल की महिला कौन बनी ?**

(A) कायला बैरोन (B) ऐनी मैकक्लेन

(C) क्रिस्टीना कोच (D) निकोल मान

**(D)** अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री निकोल मान नासा के प्रक्षेपण मिशन के बाद अंतरिक्ष में यात्रा करने वाली पहली अमेरिकी मूल की महिला बन गई है। निकोल मान उन चार अंतरिक्ष यात्रियों में शामिल है, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए दोपहर में फ्लोरिडा से उड़ान भरी थी।



**10. ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम (OBOAS) किस मंत्रालय से संबंधित है?**

(A) ग्रामीण विकास मंत्रालय (B) आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय

(C) रक्षा मंत्रालय (D) विदेश मंत्रालय

**(C)** हाल ही में सरकार ने ई-छावनी पोर्टल के तहत 5 और छावनी बोर्डो में ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम के विस्तार को मंजूरी दे दी है। इससे इन छावनियों में भवन योजना की प्रक्रिया में गति, सटीकता, निरंतरता और पारदर्शिता में वृद्धि होगी। प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम ने छावनी बोर्डो में आवेदन पत्र और प्रक्रिया को मानकीकृत किया है।

